वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-124 सागवाड़ा, मंगलवार,4 जनवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

दुष्कर्म के बाद प्रेमी ने की थी हत्या, मफलर ने पहुंचाया आरोपी को सलाखों के पीछे

आड़ीवाट में युवती की हत्या के मामले का सागवाडा थाना पुलिस ने 20 घंटे में किया खुलासा

सागवाड़ा। सागवाड़ा पुलिस ने आड़ीवाट गांव में युवती की हत्या के मामले का 20 घंटे में खुलासा कर दिया है। युवती के प्रेमी ने ही दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या की थी और खुद के मफलर से युवती को लटकाकर उसके सिर पर पत्थरों से भी वार किये थे। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। युवती की कही ओर सगाई होने से नाराज प्रेमी ने युवती को मौत के घाट उतारा था। डूंगरपुर एसपी सुधीर जोशी ने आज एसपी ऑफिस में प्रेसवार्ता करते हुए बताया की सागवाडा थाना क्षेत्र के आड़ीवाट गाँव में कल चौकी फला आडीवाट गाँव निवासी 18 वर्षीय मौनिका का शव पेड़ से लटका हुआ मिला था जिसके सिर पर चोट के भी निशान थे। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया था। वही एएसपी अनिल मीणा व सागवाडा डिप्टी नरपत सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने गहनता से अपनी जांच शुरू की। एसपी जोशी ने बताया की युवती का शव जिस मफलर से लटका हुआ था उसकी छानबीन शुरू की गई तो वह मफलर जेठाना फला चौकी फला मुकेश ननोमा को होना सामने आया। जिस पर पुलिस ने मफलर के आधार पर जेठाना फला चौकी फला मुकेश ननोमा को हिरासत

में लिया और उससे पूछताछ शुरू की। पुलिस द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई पूछताछ में मुकेश ने युवती की हत्या करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया। आरोपी मुकेश ने बताया की मृतका मोनिका व उसका पिछले 2 साल से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था वही कुछ दिन पहले मृतका मोनिका की सगाई कही और हो गई थी। मोनिका की सगाई आरोपी प्रेमी मुकेश की नागवार गुजरा और उसने मोनिका की हत्या करने की योजना बनाई। जिसके तहत उसने मोनिका को 2 जनवरी को घर बुलवाकर एक सुनसान जगह पर ले गया। जहा पर उसने पहले मोनिका के साथ दुष्कर्म किया और उसके सिर पर पत्थर मारकर घायल कर दिया और अपने मफलर से फंदा बनाकर उसे पेड़ से लटका दिया और मौनिका जिन्दा नहीं राह जाए इसको लेकर उसके सिर पर पत्थर से चार से 5 बार और हमला किया और मौके से फरार हो गया था। एसपी जोशी ने बताया की गिरफ्तार प्रेमी से पुलिस और पूछताछ कर रही है। 3 तारीख को सागवाडा थाना क्षेत्र मोनिका नाम की एक लड़की थी जिसकी न्रशंस तरीके से हत्या करके उसे फांसी पर लटका दिया गया था। घटना में लिप्त मुलजिम मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जानकारी में यह ज्ञात हुआ है की मुकेश मृतका का परिचित था लगभग पिछले 2 साल से परिचय था मृतका की कही और शादी की बात चल रही थी इस बात से वह काफी नाराज था उसने मृतका को अपने साथ बुलाया, बुलाकरके उसके साथ बलात्कार किया और उसके बाद उसे मारकर फांसी पर लटका दिया वही उसे ऐसा लगा की वह बच नहीं जाए तो उसके सिर पर पत्थरों से गहरी चोट भी की ताकि वह जीवित नहीं रह सके। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और जांच की जा रही है। ये ब्लाइंड केस था डेड बॉडी मिली थी मृतका की उसमे फांसी लगी हुई थी और फांसी मफलर से लगी हुई थी। मफलर के सम्बन्ध में अनुसन्धान करने पर ये ज्ञात हुआ की मफलर मृतका के परिचित मुकेश का है। घटना स्थल के पास ही मुकेश एक फेक्ट्री पर काम करता था जिससे संदेह और गहरा हुआ था।

खुलासा करने में इनका रहा प्रमुख योगदान

इधर ब्लाइंड मर्डर खोलने में थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, एसआई राजेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल हरि सिंह, कांतिलाल, कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, भानुप्रताप सिंह, अजयराज सिंह, बाबूलाल, हितेश, रविन्द्र और साइबर सेल की महती भूमिका रही। इधर एसपी सुधीर जोशी ने खुलासा करने में सफलता हासिल करने वाली टीम को एसपी बुलाकार बधाई देते हुए प्रशंसा की।

रतनपुर पुलिस चोकी से कुछ दुरी पर डीएसटी ने पकड़ा डीजल की कालाबाजारी का खेल

ढाबे के पीछे स्टोर रूम से मिला 1 हजार लीटर डीजल, ढाबा संचालक हिरासत में

डूंगरपुर। जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने एनएच48 पर रतनपुर पुलिस चोकी से करीब 500 मीटर की दुरी पर डीजल की कालाबाजारी के खेल का भंडाफोड़ किया है। डीएसटी ने एक ढाबे पर दबिश देते हुए अवैध रूप से ड्रमो में भरा एक हजार लीटर डीजल जब्त किया है वही ढाबा संचालक को हिरासत में लिया है। पुलिस ढाबा संचालक से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के एसपी सुधीर जोशी ने बताया की उदयपुर से अहमदाबाद नेशनल हाइवे 48 पर अवैध डीजल के कारोबार की सूचना पुलिस को मिल रही थी। इसी के तहत मुखबिर के जरिये राजस्थान-गुजरात रतनपुर बोर्डर से पहले रतनपुर पुलिस चोकी से कुछ दुरी पर एक ढाबे पर डीजल की कालाबजारी की सुचना मिली थी। जिस पर बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह के साथ डीएसटी हेड कॉन्स्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, यशपालसिंह, राजगोपाल, पंकज की टीम ने रतनपुर बॉर्डर के पास ही तुलसी ढाबे पर छापेमार कार्रवाई की। डीएसटी ने ढाबे की तलाशी ली। ढाबे के पीछे एक स्टोर रूम की तलाशी में उसमें ड्रम, प्लास्टिक के गेलन, माप मिले। ड्रमों में अवैध डीजल भरा हुआ था। ढाबा संचालक तुलसीराम निवासी चुंडावाड़ा डीजल रखने को लेकर कोई कागज नहीं दिखा सका। इन ड्रमों में करीब 1 हजार लीटर डीजल भरा हुआ था। बिछीवाड़ा पुलिस ने अवैध डीजल से भरे ड्रमों को जब्त कर लिया है। वही ढाबा संचालक तुलसीराम को हिरासत में ले लिया है। यह ढाबा बॉर्डर से केवल आधा किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे में हाइवे से गुजरने वाले ट्रकों या दूसरे वाहनों को यहां सस्ते रेट पर डीजल बेच रहे थे। गुजरात में डीजल का भाव 90 रुपये से कम है, जबकि राजस्थान में डीजल 93 रुपये के करीब है। पुलिस ने यह भी बताया कि करीब 6 महीने से ढाबे पर अवैध तरीक़े से डीजल बेचने का काम चल रहा था, फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

2 लाख की स्मैक पकड़ी

करौली। करौली जिले की कुड़गांव थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक और तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2 लाख रुपए रुपए बताई जा रही है।

शिक्षा विभाग ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता स्थगित की

ओमिक्रोन के खतरे के कारण लिया फैसला, 6-7 जनवरी को होने वाला था टूर्नामेंट

डूंगरपुर। कोरोना के बढ़ते केस ओर ओमिक्रोन के खतरे के कारण 6 से 7 जनवरी को होने वाली जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई है। प्रदेश में कोरोना की संभावित तीसरी लहर के बीच संक्रमण के आंकड़े बढ़ रहे है। कोरोना ओर ओमिक्रोन से बचाव के लिए राज्य सरकार ने नई गाइड लाइन जारी की है। नई गाइड लाइन के अनुसार शिक्षा विभाग ने भी अपने खेलकूद प्रतियोगिताओं को स्थगित करने का फैसला लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक राजेश कटारा ने बताया कि 6 से 7 जनवरी के बीच होने वाली जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता को स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि ओमिक्रोन का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। प्रतियोगिता अगले आदेश तक नहीं होगी। प्राथमिक स्तर की छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में जिलेभर से टीम भाग लेने वाली थी। प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने खेलों का प्रदर्शन करने वाले थे लेकिन प्रतियोगिता के स्थगित होने के बाद खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कटारा ने बच्चों को कोरोना से बचाव के लिए सरकार की गाइड लाइन का पालन करने की नसीहत दी है।

जयपुर में रात्रि कर्फ्यू में घूमने वालों पर होगी सख्ती

जयपुर। जयपुर में लगातार कोरोना विस्फोट जारी है। मंगलवार को 24 घंटे में 745 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आने के बाद चिकित्सा विभाग व जिला प्रशासन की परेशानी बढ़ा दी। इसके बाद अब जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सख्ती करने की तैयारी कर ली है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर हैदर अली जैदी के मुताबिक कोरोना के बढ़ते केस चिंताजनक है। इसके लिए अब बीट प्रणाली को फिर से एक्टिव किया जाएगा। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में ही एक कोविड कंट्रोल रूम शुरू किया जा रहा है। इसमें एक-एक एडिशनल डीसीपी रैंक के अफसर को तैनात किया जाएगा। तीन शिफ्ट में ये अफसर अब 24 घंटे कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। कंट्रोल रूम में आमजन अपनी कोई भी समस्या एवं शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा जयपुर में चारों जिलों के डीसीपी को निर्देश दिए हैं कि वे अपने एसीपी, थानाप्रभारी के साथ इलाकों में फ्लैग मार्च करेंगे। व्यापारियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे। उनको तय समय पर बाजार बंद करने के लिए पाबंद करेंगे। कोरोना की रोकथाम के लिए समझाइश करेंगे। एडिशनल कमिश्नर जैदी के मुताबिक शहर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जारी कोरोना संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट उनके पते के आधार पर पुलिस कमिश्नरेट के जरिए संबंधित पुलिस थानों को भेजी जाएगी। इसके बाद थानाप्रभारी की मॉनिटरिंग में बीट कांस्टेबल अपने क्षेत्र में मौजूद कोरोना पॉजिटिव मरीज व उनके परिजनों से संपर्क करेगा।

मुख्यमंत्री गहलोत को पूर्व सचिव एआईसीसी व पूर्व सांसद भगोरा ने लिखा पत्र

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती मे टीएसपी क्षेत्र मे पद आरक्षण देने की रखी मांग

डूंगरपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पूर्व सचिव एआईसीसी व पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने पत्र लिखकर राज्य कर्मचारी बोर्ड, जयपुर द्वारा जारी सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती विज्ञप्ति मे अनुसूचित क्षेत्र मे पद आरक्षण की मांग रखी है। पत्र मे भगोरा ने बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजस्थान सरकार द्वारा निदेशालय के आदेश क्रमांक एफ 4 (1) गृह/सम्पर्क/सचि/प्रको./2018 दिनांक 30.09.2020 द्वारा सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के स्वीकृत ।1+5 कुल ।6 पद के लिए सीधी भर्ती हेतु भर्ती एजेंसी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को अभ्यर्थना भेजी गई। जिसके अनुसरण मे चयन बोर्ड द्वारा उक्त पदो पर विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस विज्ञापन मे सभी ।6 पद गैर अनुसूचित क्षेत्र मे रखते हुए आवेदन मांगे है वही अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी एरिया) मे कोई आरक्षित नही रखा गया है। इस प्रकार से सीधे-सीधे टीएसपी एरिया के युवाओं के साथ अन्याय है जोकि पत्रकारिता की पढ़ाई करके एक राजकीय जनसम्पर्ककर्मी बनकर सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने की आकांक्षा रखे हुए है।

पत्र मे उक्त प्रकरण को लेकर शीघ्र ही संज्ञान लेकर टीएसपी क्षेत्र मे निवासरत पत्रकारिता का अनुभव रखने वाले युवाओं के संवैधानिक हितो की रक्षा करते हुए संशोधित विज्ञप्ति आदेश जारी करने की मांग रखी गई है।

कॉलेज छात्रा ने फर्स्ट ईयर में कम अंक आने पर विषाक्त सेवन से मौत

डूंगरपुर। जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के शिशोद गांव में एक कॉलेज छात्रा ने फर्स्ट ईयर में कम अंक आने पर मौत को गले लगा लिया। कॉलेज छात्रा ने विषाक्त का सेवन कर लिया और उसकी ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की शिशोद गांव निवासी 17 वर्षीय हिमांशी पुत्री लक्ष्मीनारायण परमार बीएससी फर्स्ट ईयर की कॉलेज छात्रा थी। 30 दिसम्बर को फर्स्ट ईयर का रिजल्ट आया था। वही इस बार फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियो को प्रमोट किया गया था जिसमे उसके 65 फीसदी अंक आये थे। ऐसे में अपेक्षा से काफी कम अंक मिलने पर हिमांशी तनाव में थी। रविवार 2 जनवरी शाम को हिमांशी घर में अकेली थी। इस दौरान तनाव के चलते हिमांशी ने घर में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। इधर तबियत खराब होने पर परिजन उसे लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल आये और उसे भर्ती करवाया। जिसके बाद डॉक्टर्स ने उसका ईलाज शुरू किया। इधर ईलाज के दौरान आज सुबह हिमांशी ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सुचना पर बिछीवाडा थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मृतका के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक ने स्कूली छात्र को मारी टक्कर, हादसे में छात्र की हुई मौत

डूंगरपुर। जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के शिशोद गांव के पास एक बाइक ने स्कूली छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है वही चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की रोजेला गाँव निवासी 18 वर्षीय हेमंत पुत्र शांतिलाल मसार शिशोद स्कूल में 10वी कक्षा का छात्र है। कल शाम को स्कूल से छुट्टी होने के बाद हेमंत स्कूल से निकलकर एनएच-48 पर शिशोद पुलिया के पास घर जाने के लिए जीप का इन्तजार कर रहा था। इस दौरान अचानक एक पावर बाइक स्पीड में आई और हेमंत को टक्कर मार दी।

बाइक की टक्कर से हेमंत के सिर पर गहरी चोट लगी जिससे हेमंत की मौके पर ही मौत हो गई। इधर हादसे के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गया। वही हादसे के बाद लोगो की भीड़ जमा हो गई। सुचना पर बिछीवाडा पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से शव को उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया और बाइक को जब्त किया। वही आज सुबह परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे और बाइक चालक को पकड़ने की मांग पुलिस से करने लगे। जिस पर पुलिस ने परिजनों से समझाइश की और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कोरोना के खतरे के बीच हाईकोर्ट-मंदिर-स्कूल सभी ऑनलाइन

कोर्ट में 75% स्टाफ रोटेशन के आधार पर ऑफिस आएगा, इन्वेस्ट राजस्थान समिट भी होगी वर्चुअल

जयपुर। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण अब सरकार से लेकर हाईकोर्ट और प्रमुख धार्मिक स्थल पूरी तरह वर्चुअल मोड पर आने लग गए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल ने आदेश निकाले हैं कि 5 से 14 जनवरी 2022 तक हाईकोर्ट केवल वर्चुअल मोड पर ही काम करेगी। इस पीरियड के दौरान जहां तक संभव है 75 फीसदी कोर्ट स्टाफ को रोटेशन के आधार पर ऑफिस में बुलाया जाएगा। बाकी स्टाफ वर्क फ्रॉम होम पर रहेंगे। राजस्थान के प्रमुख मंदिरों में भी वर्चुअल दर्शनों की व्यवस्था की जा रही है। श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटूश्यामजी मंदिर ने कोविड महामारी के ओमिक्रॉन वैरिएंट के चलते आम लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए साप्ताहिक अवकाश, रविवार, शुक्ल पक्ष की ग्यारस, बारस, मुख्य उत्सवों के दौरान मंदिर के पट्ट बंद

रखने का फैसला लिया है। मंदिर में प्रसाद, फूल माला, नारियल, ध्वजा लेकर आने पर रोक लगा दी गई है। बाहरी राज्यों से दर्शन के लिए आने वाले लोगों को आरटीपीसीआर जांच साथ लाना अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी अब वर्चुअल बैठक लेंगे। अब तक मुख्यमंत्री कुछ कार्यक्रमों में जा रहे थे। अलग-अलग जिलों में दौरे कर रहे थे। अब बहुत जरूरी नहीं होने पर सभी समारोह टाले जाएंगे। जहां तक होगा वीसी के माध्यम से ही कार्यक्रम होंगे। कैबिनेट की बैठक के अलावा कोविड रिव्यू बैठक, पुलिस-प्रशासन, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बैठक, व्यापारियों और धर्मगुरुओं, राजनीतिक दलों से वीडियो कॉफ्रेंस के जरिए ली जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग और सम्भागीय आयुक्तों, कलेक्टर की बैठकें भी वर्चुअल होंगी। कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट के तेजी से फैलते वायरस और केसों की बढ़ती संख्या के कारण ये तमाम फैसले लिए गए हैं। सरकार की अपील है लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। 8वीं क्लास तक सरकार ने स्कूल बंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऑनलाइन एजुकेशन का ऑप्शन खुला रखा है। प्राइवेट और सरकारी स्कूल्स में ऑनलाइन एजुकेशन आगे भी जारी रखी जाएगी। साथ ही सरकार सीनियर क्लासेज के लिए भी ऑनलाइन एजुकेशन पर विचार कर रही है। जल्द ही इस पर फैसला लिया जा सकता है।

आजादी का अमृत महोत्सव प्रदर्शनी का समापन

डूंगरपुर। देश की आजादी के ।5 वर्ष को यादगार बनाने एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में आमजन को जानकारी प्रदान करने के लिये भारत सरकार ने एक अनुठी पहल की है। भारत सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियो एवं उनके द्वारा किए आन्दोलनों के बारे में जन-जन तक जानकारी पहुचाने के लिए अमृत महोत्सव की शुरूआत की है। उन्होनें कहा कि देश में यह महोत्सव समाज और आने वाली पीढी को नई दिशा प्रदान करेगा। यह बात आज मंगलवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो, डूंगरपुर द्वारा डूंगरपुर मुख्यालय पर आयोजित तीन दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कही। उन्होनें कहा कि भारत सरकार द्वारा गुजरात के साबरमती से आजादी का जो यह महोत्सव शुरू किया गया है वह देश वासियों में नई उर्जा का संचार करेगा। उन्होने कहा की आजादी से जुडी घटनाओं का उस समय भी उतना ही महत्व था

जितना आज है। इस अवसर पर डूंगरपुर पंचायत समिति प्रधान कान्ता देवी कोटेड ने युवाओं से अपील की कि इस प्रदर्शनी मे दर्शाइ गई जानकारी को जीवन में उतारकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के पदचिन्हो पर चलने का प्रयास करे।

उन्होने महिलाओ से भी कहा की देश को आजादी दिलाने में केवल पुरूषो का ही योगदान नही रहा अनेक वीरांगनाओं का भी योगदान रहा है। इसलिए आप हर घर एवं गांव मे आजादी से जुडी घटनाओं एवं स्वतंतत्रता सेनानियों के इतिहास के बारे में बताए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव यादव ने आजादी से जुड़े पहलुओं एवं देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर, महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल विकास परियोजना अधिकारी शकुंतला जोषी ने आजादी में महिलाओं का योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरों, डूंगरपुर के क्षेत्रीय प्रचार सहायक नरेष कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए तीन दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान आयोजित की गई गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में आजादी से जुडे 50 पैनलो के माध्यम से 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता आंदोलनों एवं घटनाओं को दर्शाया गया है। इसके अलावा राजस्थान से जुडे ऐतिहासिक स्थलों जिसमें नसीराबाद, मानगढ धाम जिला बांसवाडा, बिजोलिया जिला भीलवाडा तथा डाबडा जिला नागौर को भी दर्शाया गया है। उन्होने बताया कि एस.बी.पी. राजकीय महाविद्यालय के डॉ. निमेष चैबीसा, डॉ. सावित्री पाटीदार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओ द्वारा आजादी से जुडे पहलुओ पर निंबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान राजकीय विधालयों के छात्र-छात्राओ के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग से जुडी कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी, सहायिकाओ ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कार्यक्रम प्रदर्शनी के दौरान आयोजित की गई प्रतियागिताओं के विजेताओं को पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा एवं प्रधान कान्ता देवी कोटेड ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक ममता पाटीदार, सविता सिसोदिया उपस्थित थे।